भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 343

मंगलवार, 02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

रोहतक औद्योगिक विकास कॉलोनी

343. श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को हिसार रोड पर रोहतक की औद्योगिक विकास कॉलोनी (आईडीसी) में टूटी सड़कें, गैर-कार्यात्मक पथ-प्रकाश, दूषित जल आपूर्ति, सीवर अतिप्रवाह और बार-बार विद्युत कटौती सहित खराब बुनियादी ढांचे की जानकारी है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान आईडीसी रोहतक में बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव और विकास पर केंद्रीय योजनाओं के माध्यम से आवंटित और व्यय की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस उपेक्षा के कारण उद्योगों को उत्पादन हानि और असुविधा के संबंध में सरकार द्वारा कोई आकलन किया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) आईडीसी रोहतक में पर्याप्त सड़कों, जल, सीवरेज, पथ-प्रकाश और विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा समयबद्ध रूपरेखा के साथ क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क): आईडीसी के क्षेत्र को वर्ष 2012 में डीआईसी से एचएसआईआईडीसी (हरियाणा राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम) को हस्तांतरित कर दिया गया था। आईडीसी के क्षेत्र में अवसंरचना का उन्नयन/मरम्मत कार्य, उद्योगपतियों की आवश्यकताओं के अनुसार नियमित आधार पर किया जा रहा है।

(ख): आईडीसी रोहतक में पिछले पांच वर्षों के दौरान बुनियादी सुविधाओं के रखरखाव और विकास पर व्यय की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है:

वित्त वर्ष	**अनुरक्षण/विकास लेखाशीर्ष के अंतर्गत व्यय की गई निधि (लाख रुपए में)**
2020-21	71.62
2021-22	51.07
2022-23	77.77
2023-24	81.32
2024-25	29.94

(ग): आईडीसी के क्षेत्र में अवसंरचना का उन्नयन/मरम्मत कार्य उद्योगपतियों की आवश्यकता के अनुसार नियमित रूप से किया जा रहा है और इस प्रकार उत्पादन में कोई हानि नहीं हुई है।

(घ): एचएसआईआईडीसी इस क्षेत्र के उन्नयन की प्रक्रिया में है। इस दिशा में उठाए गए कदमों का विवरण **अनुबंध-क** के रूप में संलग्न है।

*****

अनुबंध - क

दिनांक 02.12.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा प्रश्न संख्या 343 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्रम सं.	कार्य का नाम	कार्य आदेश की तिथि	कार्य आदेश की राशि	कार्य प्रारंभ होने की तिथि	पूरा होने की निर्धारित तिथि	टिप्पणियां
1.	आईडीसी रोहतक में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का उन्नयन	28.05.2025	1015 लाख रुपए	01.06.2025	22.05.2027	कार्य प्रगति पर है।
2.	आईडीसी रोहतक में सड़कों का उन्नयन					285.75 लाख रुपए की डीएनआईटी को दिनांक 06.11.2024 को पहले ही स्वीकृति दी जा चुकी है। क्षेत्र में जन स्वास्थ्य सेवाओं का विकास कार्य लगभग पूरा हो जाने पर, निविदा प्रक्रिया के माध्यम से आबंटित किया जाएगा।

*****